वी.यू. अन्तर्गत एक दिवसीय पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के माननीय कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी के निर्देशानुसार दिनांक 21-12-2022 को ग्राम धमकी, शहपुरा में एक दिवसीय पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर के द्वारा संपन्न किया गया, जिसके अंतर्गत पशुओं की प्रमुख मौसमी बीमारियों का उपचार एवं रोकथाम की जानकारी के साथ ही पशुओं से संबंधित समस्याओं का निराकरण भी पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा के नेतृत्व में गठित विशेषज्ञों की टीम डॉ. देवेंद्र गुप्ता डॉ. नितिन बाजार डॉ. बृजेश सिंह एवं डॉ. गिर्राज सिंह द्वारा किया गया। इस पशु चिकित्सा शिविर गोविंदराम सेकसरिया अर्थ वाणिज्य महाविद्यालय जबलपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें डॉ. नीरज केसरवानी एवं डॉ. अशोक बनर्जी का भी विशेष सहयोग रहा।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.विविजबलपुर